शुक्रवार
30 जून 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लखीसराय में रैली को किया संबोधित, नीतीश पर बोला हमला

# भ्रष्ट पार्टियों की गोद में बैठे हैं नीतीश: शाह

- बोले- जो व्यक्ति बार-बार घर बदलता है उस पर क्या विश्वास करना चाहिए?
- नीतीश कांग्रेस के दरवाजे पर पीएम बनने के लिए बैठे हैं लेकिन उनको प्रधानमंत्री नहीं बनना

**केटी न्यूज/लखीसराय**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लखीसराय में रैली को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि बिहार हमेशा बदलाव और क्रांति की धरती रही है। यह कार्यक्रम नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर धन्यवाद के लिए है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि नीतीश कुमार से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने क्या काम किया है? जो व्यक्ति बार-बार घर बदलता है उस पर क्या विश्वास करना चाहिए? वे कांग्रेस के दरवाजे पर पीएम बनने के लिए बैठे हैं लेकिन उनको प्रधानमंत्री नहीं बनना है। नीतीश कुमार को लालू यादव को मूर्ख बनाना है। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने नौ साल में देश के लिए बहुत काम किया है। पलटू बाबू पूछ रहे थे कि नरेंद्र मोदी ने 9 साल में क्या किए। नीतीश कुमार को थोड़ा तो ख्याल रखना चाहिए कि नरेंद्र मोदी सरकार के साथ इतने दिनों से थे। इसका आज हिसाब देने आया हूं। मोदी सरकार ने किसानों के अकाउंट में सीधा पैसा देने का काम किया है। करोड़ों लोगों के घरों में जल पहुंचाने का काम किया है। करोंड़ो गरीबों को 5 लाख तक की स्वास्थ्य खर्चा नरेंद्र मोदी सरकार दे रही है। अकेले बिहार में एक करोड़ 30 लाख घरों में शौचालय मोदी सरकार ने बनवाई है।

**नरेंद्र मोदी ने भारत को गौरव दिलाने का काम किया है:** आगे केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार हमारा हिसाब पूछ रहे हैं। नीतीश कुमार ने तो कहा कि खाता तो खुल गया बोहनी तो करा दीजिए, लेकिन बीजेपी सरकार ने गरीब के घरों में बहुत काम किया है। नरेंद्र मोदी विश्व के किसी देश में जाते हैं तो मोदी-मोदी के नारे लगाते हैं। नरेंद्र मोदी का सम्मान पूरे विश्व में जो हो रहा है वह मोदी का सम्मान नहीं, भारत का हो रहा है। नरेंद्र मोदी ने भारत को गौरव दिलाने का काम किया है। मोदी सरकार ने भारत को सुरक्षा देने का काम किया हैं। पाकिस्तान प्रेरित हमले पर यूपीए सरकार चुप हो जाती थी लेकिन उरी और पुलवामा हमले के बाद मोदी सरकार ने 10 दिन के अंदर घर में घुसकर जवाब दिया। बीजेपी नेता ने कहा कि कश्मीर में सभी विपक्षी दल धारा 370 को पाल रहे थे, लेकिन जब 2019 में मोदी सरकार दोबारा आई तो इसे खत्म कर दिया। ये लोग कहते थे कि 370 हटेगा तो खून की नदियां बहेंगी लेकिन किसी ने एक पत्थर तक जला नहीं सके। मोदी सरकार ने देश को विकसित करने का काम किया है। बिहार में भी मोदी सरकार पुल, सड़क, एनएच, मेडिकल-इंजीनियरिंग कॉलेज, दरभंगा एयरपोर्ट, बिजली, रेलवे, मेट्रो और विश्वविद्यालय सहित कई विकास की योजनाएं दीं।




### कुछ लोग सत्ता के लिए सारे सिद्धांतों को छोड़ देते हैं

अमित शाह ने मंच से एक साथ नीतीश कुमार और लालू यादव पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सत्ता के लिए सारे सिद्धांतों को छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज लालू यादव और अरविंद केजरीवाल सत्ता के लिए साथ आने को तैयार हैं। अमित शाह ने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने अपनी सियासी करियर कांग्रेस के खिलाफ शुरू की थी। आज नीतीश कुमार कांग्रेस के साथ हैं। लालू यादव के भ्रष्टाचार और जंगलराज के खिलाफ लड़ने वाले नीतीश कुमार उन्हीं के साथ आज खड़े हैं।

### 20 साल से लॉन्च हो रहे राहुल गांधी, नहीं मिल रही सफलता

अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा 20 साल से लॉन्च हो रहे हैं, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल रही है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए अमित शाह ने कहा कि पार्टी 20 साल से राहुल बाबा को लॉन्चिंग करने की कोशिश कर रही है, लेकिन वे लॉन्च ही नहीं होते। शाह ने कहा कि हम जिस पार्टी से आते हैं, वहां नेताओं को जनता ही लॉन्च करती है। जो लोग सत्ता के लिए लालू और कांग्रेस के साथ जा रहे हैं, उन्हीं के कारण गुंडाराज, बालू माफिया, सड़क माफिया बिहार की कानून व्यवस्था को खराब कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी।

### 20 भ्रष्टाचारी पार्टियों की पटना में हुई बैठक

विपक्षी बैठक पर अमित शाह ने कहा कि 20 भ्रष्टाचारी पार्टियों की पटना में बैठक हुई। नीतीश कुमार को शर्म आनी चाहिए कि भ्रष्ट पार्टियों की गोद में बैठे हैं। नीतीश कुमार पर भरोसा कर सकते हैं क्या? इनकी शुरूआत ही तो भ्रष्टाचार के विरोध से हुआ था। अब बिहार के लोगों को नीतीश कुमार क्या जवाब देंगे। वहीं, कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस 20 साल से राहुल गांधी को लॉन्च करना चाहती है लेकिन वो लॉन्च ही नहीं हो पाते हैं। पटना में कांग्रेस ने राहुल गांधी को फिर लॉन्च किया। बिहार के लोग भ्रष्टाचार का साथ कभी नहीं देंगे।

### पूरे बिहार में जदयू का खाता तक नहीं खुलने देंगे: सम्राट चौधरी

**लखीसराय।** लखीसराय में जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। कहा कि 'पलटू कुमार' बिहार को कह रहे हैं कि इस देश का पीएम बनना है, लेकिन इन्हें पता नहीं है नौ साल बेमिसाल का रथ लगातार चल रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। देश का सीना चौड़ा है। अमित शाह को आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के लोग नरेंद्र मोदी को वोट देने के लिए इंतजार कर रहे हैं, जिससे बिहार में नीतीश कुमार का खाता तक नहीं खुले।

सम्राट चौधरी ने लखीसराय क्षेत्र को लेकर कहा कि लोग कहते हैं कि यह जेडीयू का गढ़ है लेकिन 2014 के चुनाव याद कीजिए. इस सीट से जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष को एक लाख वोटों से एनडीए के प्रत्याशी ने हराया था और 2024 के चुनाव में अमित शाह को आश्वासन के साथ कह रहा हूं कि मुंगेर के साथ-साथ पूरे बिहार में जेडीयू का खाता तक नहीं खुलने देंगे। 'पलटू कुमार' को लोगों ने समझ लिया है। 33 सालों से बिहार के नवजवान ठगे जा रहे हैं। नवजवान की जवानी बर्बाद हो गई। आगे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 15 साल लालू यादव को दिया और 18 सालों से नीतीश कुमार सत्ता में हैं। बिहार की जनता ने इसलिए पूरा मन बना चुकी है कि बिहार में सिर्फ बीजेपी का राज होगा। 2024 चुनाव और 2025 चुनाव दोनों में बीजेपी के लोगों की सत्ता होगी।

# ललन सिंह ने अमित शाह को बताया बड़का झुट्ठा गृहमंत्री



- ललन सिंह ने अमित शाह को चुनौती देते हुए कहा है कि, साबित करें कि मुंगेर में इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज खुलवाने में केंद्र का एक रुपया भी लगा है

**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के लखीसराय दौरे के बाद बिहार की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। राज्य में बयानबाजी का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। गृह मंत्री के हमले पर पलटवार करते हुए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि बीजेपी बड़का झुट्ठा पार्टी का बड़का झुट्ठा गृह मंत्री अमित शाह लखीसराय में जुमलेबाजी करने से पहले आपको अपना ज्ञानवर्धन करना चाहिए था। ललन सिंह ने अमित शाह को चुनौती देते हुए कहा है कि, साबित कीजिए कि मुंगेर में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज खुलवाने में केंद्र सरकार का एक रुपया भी लगा है। मुंगेर इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज नीतीश कुमार की सरकार की योजना का प्रतिफल है और इसमें सतप्रतिशत राज्य सरकार का रुपया लगा है, इसमें केंद्र सरकार का एक रुपया भी नहीं लगा है। नीतीश कुमार की सरकार की उपलब्धि भी नरेंद्र मोदी के नाम करने का साहस कोई झुट्ठा व्यक्ति ही कर सकता है।

उन्होंने गृह मंत्री से सवाल करते हुए कहा कि यदि साहस है तो बताइए कि हर घर नल का जल योजना में केंद्र सरकार का कितना रुपया लगा है? इस योजना के लिए केंद्र सरकार के ऑफर को नीतीश सरकार ने ठुकरा दिया और एक रुपया भी केंद्र की सरकार से नहीं लिया। अपने धन से राज्य सरकार ने 2015 में सात निश्चय योजना के तहत इसे बिहार में करवाया। मुंगेर और बेगूसराय को जोड़ने वाला पुल नरेंद्र मोदी सरकार की नहीं बल्कि अटल जी की सरकार की देन है। फुलवामा में सीआरपाएफ के 40 जवानों की शहादत पर जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन लेफिटनेंट गवर्नर सत्यपाल मल्लिक के खुलासे पर आप मौन क्यों हैं?

ललन सिंह ने कहा कि गृह मंत्री शायद आज अधिक तनाव में थे, इसलिए नीतीश सरकार की उपलब्धियों को भी अपने खाता में डाल रहे थे। ऐसा गृह मंत्री ही कर सकते हैं और यही देश के साथ भी कर रहे हैं। आखिर गृह मंत्री इतने घबराए हुए क्यों थे कि लगातार उनके मुंह से लखीसराय की जगह 'मुंगेर' निकल रहा था? माना कि उनको आगामी लोकसभा चुनाव में अपने हश्र का अंदाजा है, लेकिन इतना घबराना देश के गृह मंत्री के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है।

# सभी पंचायतों में 15 अगस्त के बाद डिजिटल भुगतान अनिवार्य

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देशभर की सभी पंचायतों में 15 अगस्त के बाद सभी विकास कार्यों और राजस्व संग्रह के लिए डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल करना अनिवार्य होगा। स्वतंत्रता दिवस तक सभी पंचायतों को यूपीआई सक्षम घोषित किया जाएगा। पंचायती राज मंत्रालय ने इस संदर्भ में एक पत्र जारी किया है। मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे पत्र में कहा कि राज्यों को मुख्यमंत्रियों, सांसदों और विधायकों जैसे प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में यूपीआई-अनुपालक पंचायतों की घोषणा और उद्घाटन करना चाहिए। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव सुनील कुमार ने बताया कि करीब 98 फीसदी पंचायतें पहले ही यूपीआई-आधारित भुगतान का इस्तेमाल शुरू कर चुकी हैं। सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएमएफएस) के माध्यम से लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। पंचायतों को भुगतान अब डिजिटल रूप से किया जाएगा। चेक और नकद में भुगतान लगभग बंद कर दिया गया है।

पत्र में पंचायतों को 30 जून तक सेवा प्रदाताओं और वेंडरों के साथ बैठक करने को कहा है। मंत्रालय ने जीपे, फोनपे, पेटीएम, भीम, मोबिक्विक, व्हाट्सएप पे, अमेजन पे और भारत पे जैसे यूपीआई प्लेटफॉर्म के संपर्क किए जाने वाले लोगों की सूची भी साझा की है। मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, 15 जुलाई तक पंचायतों को उचित सेवा प्रदाताओं का चयन करना होगा और 30 जुलाई तक वेंडरों के नाम को अंतिम रूप देना होगा।

# मणिपुर में रोका गया राहुल गांधी का काफिला पुलिस बोली-हिंसा के डर से लिया गया फैसला

**एजेंसी/इंफाल**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के काफिले को मणिपुर पुलिस ने हिंसा की आशंका के चलते बृहस्पतिवार को बिष्णुपुर में रोक दिया। पुलिस इलाके में हिंसा और आगजनी की घटनाओं को देखते हुए उन्हें आगे जाने की इजाजत नहीं दे रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विष्णुपुर जिले में हाईवे पर टायर जलाए गए थे और काफिल पर कुछ पत्थर भी फेंके गए थे। हमें डर है कि ऐसी घटनाएं दोबारा हो सकती हैं, हमें राहुल गांधी की सुरक्षा की चिंता है और ऐसे में हमने काफिले को रोकना का निर्णय लिया है। वहीं, पुलिस अधिकारियों के साथ लंबी जद्दोजहद के बाद राहुल गांधी का काफिला वापस इम्फाल हवाई अड्डे की तरफ लौट रहा है। पुलिस द्वारा आगे जाने की इजाजत नहीं मिलने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को वहां से हटाया। राहुल हिंसा प्रभावित मणिपुर के अपने दो दिवसीय दौरे के लिए इंफाल पहुंचने के बाद चुराचांदपुर जिले के लिए रवाना हुए थे। जिले में राहुल की, हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों से राहत शिविरों में मिलने की योजना थी लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे जाने की इजाजत नहीं दी।



**क्या बोले राहुल गांधी:** चुराचांदपुर में लोगों से मिलने और बातचीत करने के बाद राहुल गांधी ने ट्वीट कर उनके काफीले को रोके जाने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मैं मणिपुर के अपने सभी भाइयों-बहनों को सुनने आया हूं। सभी समुदायों के लोग बहुत स्वागत और प्रेम कर रहे हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार मुझे रोक रही है। शांति हमारी एकमात्र प्राथमिकता होनी चाहिए।

### पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर सेवा को दी मंजूरी

# अब हेलीकॉप्टर से ताजमहल व मथुरा के मंदिरों को निहारेंगे पर्यटक

**एजेंसी/लखनऊ**

ताज नगरी आगरा और भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अयोध्या की तर्ज पर अब यहां भी आसमान से ताजमहल और मथुरा के मंदिरों को निहारा जा सकेगा। योगी सरकार ने आगरा-मथुरा में हेलीकॉप्टर सेवा को शुरू करने की इजाजत दे दी है। इससे अब इन शहरों में आने वाले पर्यटक आसमान से यहां की ऐतिहासिक धरोहरों को निहार सकेंगे। आगरा में पहले ही इनर रिंग रोड के पास हेलीपैड का निर्माण किया जा चुका है। यहां से हेली सेवा शुरू करने के लिए सिर्फ सरकार से इजाजत मिलना बाकी था, जिसपर मुहर लगा दी गई है। इसके बाद अब इस हेलीपैड से हेलीकॉप्टर उड़ान भर सकेंगे और इसमें सवार यात्री आसमान से ताजमहल, आगरा का लाल किला, बेबी ताज को निहार सकेंगे, यही नहीं अगर वो फतेहपुर सीकरी तक के लिए टिकट लेंगे तो वहां तक भी हेलीकॉप्टर जाएगा।





इसके अलावा आगरा के सदर बाजार, राजामंडी, पालीवाल पार्क, राधा स्वामी मंदिर जैसी प्रसिद्ध जगहों को भी आसमान से देखा जा सकेगा। पर्यटक हेली सेवा के लिए अपनी टिकट बुक करवाकर इसका आनंद ले सकेंगे, आगरा के साथ कृष्ण नगरी मथुरा में भी हमारी एतिहासिक धरोहरों को ऊपर से देखा जा सकेगा। मथुरा में पर्यटन विकास निगम की ओर से हेलीकॉप्टर सेवा के लिए गोवर्धन की पैंठा गांव में हेलीपैड बनाया गया था, जिसे और विस्तारित किया जाएगा।

### यात्रियों के पास कई विकल्प

आगरा के हेलीपैड से न सिर्फ आगरा और मथुरा के लिए हेलीकॉप्टर उड़ान भरेंगे बल्कि दिल्ली, नोएडा समेत देश के विभिन्न हिस्सों के लिए भी यहां से हेली सेवा शुरू होगी। इससे हेलीकॉप्टर के जरिए यात्री आगरा, दिल्ली, नोएडा और देश के अन्य हिस्सों तक आज जा सकेगं. रेल मार्ग, सडक मार्ग के अलावा यहां आने वाले यात्रियों के पास ये एक और विकल्प होगा।



# फाइलेरिया मरीजों का पता लगाने के लिए एनबीएस महत्वपूर्ण माध्यमः सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

- जिले के 24 चयनित साइट्स से लिए गए कुल 7200 लोगों के सैंपल
- संग्रहित सैंपल्स में माइक्रो फाइलेरिया की जांच शुरू, कल जारी होगी रिपोर्ट



जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे नाइट ब्लड सर्वे का काम पूरा हो चुका है। जिले के सभी प्रखंडों के चयनित गांवों और इलाकों से माइक्रो फाइलेरिया की जांच के लिए लोगों के सैंपल लिए जा चुके हैं। जांच के बाद आए रिपोर्ट के अनुसार ही यह तय किया जाएगा की संबंधित प्रखंड में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा या नहीं। जिले के 24 कलेक्टशन साइट्स से कुल 7200 लोगों का सैंपल लिया गया। इसके लिए 12 सेंटिनल और 12 रैंडम साइट बनाए गए थे। जहां से 300-300 सैंपल लिए गए। जिनकी जांच संबंधित प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करायी जा रही है। ताकि, जल्द से जल्द एमडीए अभियान शुरू किया जा सके। फाइलेरिया एक घातक बीमारी है। जो धीरे धीरे शरीर को खराब करती है। यही कारण है कि इस बीमारी की जानकारी समय पर नहीं हो पाती। हालांकि सजगता से फाइलेरिया बीमारी से बचा जा सकता है।

**कई मरीजों में हाथीपांव के गंभीर मामले भी देखने को मिले :** सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया, जिले के ग्रामीण व शहरी इलाकों में फाइलेरिया (हाथीपांव) के कई मरीज मौजूद हैं। कई मरीजों में हाथीपांव के गंभीर मामले भी देखने को मिले हैं। उन्होंने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे जिले में फाइलेरिया मरीजों को पता लगाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सर्वे की मदद से फाइलेरिया प्रसार दर का पता लगाया जाता है। नाइट ब्लड सर्वे अभियान की मदद से जिले में हाथीपांव समेत फाइलेरिया से बचाव को लेकर माइक्रोप्लान तैयार करने में सहायता होती है। इससे फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्रों पर स्वास्थ्य विभाग अपना ध्यान केंद्रित कर सकेगा और प्रसार दर के अनुसार हाथीपांव से बचाव के लिए लोगों को सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में काम करेगा।

**लक्षण दिखने पर निवार्य रूप से करायी जाए जांच :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, फाइलेरिया से बचाव के लिए शुरूआती दौर में ही बीमारी की सही जानकारी जरूरी है। यह तभी संभव है, जब लोगों में शुरूआती यानी लक्षण दिखने पर जांच अनिवार्य रूप से करायी जाए। इसलिए फ्रंटलाइन वर्कर्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जिनकी बदौलत लोगों का सहयोग मिला और लक्ष्य की प्राप्ति की सकी। फाइलेरिया का कोई पर्याप्त इलाज संभव नहीं है। लेकिन, इसे शुरूआत में ही पहचान करते हुए रोका जा सकता है। इसके लिए संक्रमित व्यक्ति को फाइलेरिया ग्रसित अंगों को पूरी तरह स्वच्छ पानी से साफ करना चाहिए। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा का नियमित सेवन करना चाहिए।

## अवैध संबंध में करायी गई थी हत्या, डेढ़ लाख रुपए की दी गई थी सुपारी

# बेकरी कारोबारी की हत्या की साजिश रचने वाले व शूटर समेत छह गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



- फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही पुलिस टीम
- हत्या में इस्तेमाल देसी कट्टा, बाइक व तीन मोबाइल बरामद

जिले के बिहिया निवासी बेकरी कारोबारी मनोहर उर्फ मिंची यादव हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने खुलासा किया कि अवैध संबंध के कारण सुपारी देकर मिंची यादव की हत्या करायी गयी थी। उसके लिए डेढ़ लाख की सुपारी दी गयी थी। उसमें 80 हजार रुपए अपराधियों को पेड कर दिया गया था। पुलिस ने हत्याकांड के मेन साजिशकर्ता, शूटर और लाइनर सहित छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल देसी कट्टा, बाइक और तीन मोबाइल बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में बिहिया वार्ड नंबर आठ निवासी लालबाबू प्रसाद, बिहिया थाना क्षेत्र के ही जमुआ गांव निवासी गुड्डू कुमार यादव, फुलई गांव निवासी कमलेश कुमार उर्फ कमलवास यादव, उमेश यादव उर्फ तबेला यादव, धरहरा गांव निवासी दशई यादव और बेलवनिया गांव निवासी धनजी नट शामिल हैं। इनमें लालबाबू प्रसाद साजिशकर्ता और गुड्डू कुमार यादव शूटर है। सभी ने हत्या में शामिल होने की बात भी स्वीकार कर ली है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अनुसंधान और अपराधियों से पूछताछ में यह बात सामने आयी है कि केक दुकानदार मिंची यादव का पड़ोसी लालबाबू प्रसाद की पत्नी के साथ अवैध संबंध था। उसके कारण लालबाबू प्रसाद मिंची यादव से नाराज चल रहा था और हत्या की साजिश रची थी। उसके लिए उसने डेढ़ लाख रुपए में शूटर हायर किया था। उन्होंने बताया कि हत्या कांड में सात अपराधी शामिल थे। उनमें छह को गिरफ्तार कर लिया गया। सातवें की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

**तकनीकी सूत्र और हुलिया के आधार पर पकड़े गये अपराधी :** एसपी ने बताया कि 10 जून की रात करीब दस बजे केक लेने के बहाने अपराधियों ने गोली मारकर बेकरी कारोबारी मनोहर उर्फ मिंची यादव की हत्या कर दी थी। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और कारणों की तफ्तीश को एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम ने वैज्ञानिक और तकनीकी सूत्र के जरिए जांच शुरू की। उस क्रम में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। मिंची यादव के परिजनों से पूछताछ कर अपराधियों के बारे में जानकारी ली गयी। फुटेज और परिजनों से मिले हुलिया के आधार पर टीम ने अपराधियों की पहचान की। उसके बाद बुधवार की रात साजिशकर्ता, शूटर और लाइनर सहित हत्याकांड में शामिल छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अपराधियों के पास से हत्या में शामिल देसी कट्टा, बाइक और तीन मोबाइल बरामद किया गया।

### भाड़े के देसी कट्टा से मारी गयी थी बेकरी कारोबारी को गोली

एसपी ने बताया कि बेकरी कारोबारी मनोहर उर्फ मिंची यादव की हत्या के लिए शूटर से लेकर हथियार तक का भाड़े पर बंदोबस्त किया गया था। उसके लिए बिहिया के वार्ड नंबर आठ निवासी लालबाबू प्रसाद द्वारा डेढ़ लाख रुपए में सौदा तय किया गया था। बेकरी कारोबारी मिंची यादव की हत्या की साजिश होली के समय रची गयी थी। उसे लेकर लालबाबू प्रसाद द्वारा दशई यादव के जरिए गुड्डू यादव को बेंगलुरू से बुलाया गया था। उसके बाद सामने जमुआ मोड़ के पास तीनों के बीच सौदा तय हुआ था। उसी समय से शूटर हत्या की फिराक में थे। उस बीच 10 जून की रात मौका पाकर मिंची यादव की हत्या कर दी गयी। लालबाबू प्रसाद और बेकरी कारोबारी मिंची यादव का घर आसपास ही हैं। दोनों परिवार के बीच घरेलू संबंध था। लालबहादुर प्रसाद की पत्नी टेलरिंग का काम करती थी। ऐसे में मिंची यादव का लालबाबू प्रसाद के घर आना-जाना लगा रहता था। उसी बीच भिंची यादव और लालबाबू प्रसाद की पत्नी के बीच गहरी दोस्ती हो गयी। दोनों क बीच अवैध संबंध भी स्थापित हो गया था।

## नहर में डूबने से तीन साल की बच्ची की मौत

**सासाराम।** जिले के नोखा थाना क्षेत्र के जखनी पुल के पास नहर में एक 3 वर्षीय बच्ची का शव गुरुवार को बरामद किया गया। मृत बच्ची की पहचान मनिपुर गांव निवासी सहदेव शाह की तीन वर्ष की बेटी करिश्मा के रूप में की गई। ग्रामीणों ने नहर में बच्ची के शव मिलने की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

मामले के संबंध में बताया जाता है कि मनिपुर गांव के पास नहर के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। इस क्रम में बच्ची कब नहर में गिर गई किसी ने नहीं देखा। जखनी पुल के पास नहर में नहाते कुछ युवकों ने बच्ची को देखा। युवकों ने बच्ची को पानी से निकाला, जहां उसकी मौत हो गई थी। मनिपुर में परिजन बच्ची की खोजबीन कर रहे थे। जखनी पुल के पास उसकी शव मिलने की सूचना उन्हें मिली। वहां पर जब वे पहुंचे तो देखा कि बच्ची की मौत हो चुकी है। बच्ची की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। लेकिन परिजन पोस्टमॉर्टम न करने पर अड़े है। पुलिस से बातचीत करने के बाद मृत बच्ची के परिजन पोस्टमॉर्टम के लिए तैयार हो गए है।

## भाजपा नेता पर फायरिंग मामले में दो अपराधी गिरफ्तार, तीसरे की तलाश जारी

**आरा।** भोजपुर के नारायणपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय नारायणपुर गांव निवासी हेडमास्टर सह भाजपा नेता जाटा पांडेय के घर पर फायरिंग का पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया। गलत काम का विरोध करने पर भाजपा नेता को टारगेट कर गोलीबारी की गयी थी। उस मामले में पुलिस द्वारा दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपराधियों के पास से फायरिंग में इस्तेमाल एक देसी पिस्टल, दो गोली, दो मैगजीन, दो मोबाइल और लूट क एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में सूरज कुमार सिंह और कृष्ण कुमार रजक शामिल हैं। दोनों अजीमाबाद थाना क्षेत्र के लटियरगंज गांव के रहने वाले हैं। हालांकि मुख्य अपराधी अभी पकड़ में नहीं आ सका है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि दो अप्रैल की शाम नारायणपुर गांव निवासी भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जाटा पांडेय के घर पर फायरिंग की गयी थी। उसमें उनके दरवाजे पर बैठे किसान को गोली लग गई थी। उस मामले को लेकर तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और मामले की जांच के लिए एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा तकनीकी सूत्र और लोकल इनपुट के आधार पर तीनों अपराधियों की पहचान की। बुधवार की रात मुरादपुर पुल के पास दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से फायरिंग में प्रयुक्त देसी पिस्टल, दो मैगजीन, बाइक, दो गोली और दो मोबाइल बरामद किया गया।

# खेत में खाद छिटने जा रहे किसान की धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से गई जान

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव स्थित खेड़ीटाड़ रोड पर मुर्गी फार्म के समीप गुरुवार की शाम विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव वार्ड नंबर 2 के निवासी दशरथ यादव हैं, जो पेशे से किसान थे।

वहीं, मृतक के भतीजे अशोक कुमार यादव ने बताया कि शाम वह खाद लेकर खेत में छिटने जा रहे थे। जहां रास्ते में पहले से बिजली का तार टूट कर गिरा पड़ा और बारिश होने के कारण पानी जमा हुआ था। जाने के क्रम में जैसे ही वह कसाप गांव स्थित खिड़ीटाड़ रोड पर मुर्गी फार्म के समीप पहुंचे। वहां पानी जमा होने कारण उन्हें विद्युत प्रवाहित तार नहीं दिखा और वह उसी की चपेट में आ गए। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई वह दो बहन में छोटे थे। मृतक के परिवार में पत्नी शिमला देवी,तीन पुत्री संगीता कुमारी,मारुति कुमारी,सुराती देवी व दो पुत्र अमरजीत यादव एवं विमलेश यादव है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी शिमला देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गर्भावस्था के दौरान ले नियमित पोषक तत्व, खानपान के दौरान कई पोषक तत्वों की अहम जरूरत

# गर्भावस्था के दौरान आयोडीन की कमी शिशु के लिए नुकसानदायक

**केटी न्यूज/सासाराम**



गर्भावस्था महिलाओं के लिए एक खास पल होता है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान देना घर के प्रत्येक सदस्यों की जिम्मेदारी बन जाती है। क्योंकि इस दौरान थोड़ी सी लापरवाही गर्भवती महिला के साथ साथ गर्भ में पल रहें बच्चे के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। वैसे तो गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को खानपान में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। खानपान के दौरान कई पोषक तत्वों की अहम जरूरत होती है। उनमें से आयोडीन भी एक अहम पोषक तत्व बन जाता है। गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं में आयोडीन की कमी गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है और जन्म के बाद वह बच्चा कई बीमारियों से ग्रसित भी हो सकता है। हालांकि इसकी कम मात्रा शरीर को आवश्यकता होती है, लेकिन गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर में आयरन की कमी हो जाए तो विशेष रूप से हानिकारक हो सकता है, क्योंकि आयोडीन की कमी से गर्भ में पल रहे बच्चे के मस्तिष्क विकास को प्रभावित कर सकता है और होने वाली मां के लिए थायराइड की समस्या भी उत्पन्न कर सकता है।

**आयोडीन की कमी के लक्षण :** गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर अपना जांच करवाते रहना चाहिए इससे शरीर में मौजूद कमियों की जानकारी मिलती है। गर्भवती महिलाओं के शरीर में आयोडीन की पर्याप्त मात्रा है या नहीं इसके लिए यूरिन टेस्ट किया जाता है। जांच के अलावा कई ऐसे लक्षण भी है जो आयोडीन की कमी को दशार्ता है, जिसमें गर्भावस्था के द्वारा अधिक वजन बढ़ना, सामान्य तापमान में भी ठंड महसूस होना, थकावट महसूस करना, बाल झड़ना, डिप्रेशन, गर्दन में दर्द व सूजन भी आयोडीन की कमी के लक्षण माना जाता हैं।

**उचित मात्रा में आयोडीन जरूरी :** सासाराम सदर अस्पताल की प्रसूति विशेषज्ञ डॉ संध्या रंजन ने बताया कि आयोडीन का सेवन करने से शरीर का विकास होता है। खासकर गर्भावस्था के दौरान बच्चे के विकास के लिए गर्भवती महिलाओं को अपने आहार में आयोडीन को शामिल करना जरूरी है, इससे बच्चे के दिमाग और नर्वस सिस्टम का विकास होता है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं में पोषक तत्व के खपत बढ़ जाती है इसलिए गर्भवती महिलाएं अपने बच्चे को स्वस्थ रखना चाहती है तो अपने आहार में सही मात्रा में आयोडीन का सेवन करें। डॉ संध्या ने बताया कि गर्भवती महिलाओं का आयोडीन जांच मुख्यतः यूरिन जांच के माध्यम से किया जाता है। यदि गर्भवती महिलाओं में आयोडीन की मात्रा आवश्यकता से कम पाई जाती है तो उन्हें उचित आहार लेने की सलाह दी जाती है, यदि आहार से आयोडीन का स्तर नहीं बढ़ता है तो फिर उन्हें अलग से सप्लीमेंट प्रदान किया जाता है।

**आयोडीन की कमी से हो सकता है गर्भपात :** डॉक्टर संध्या ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान थोड़ी सी लापरवाही नुकसानदायक साबित हो सकता है। आयोडीन की कमी की वजह से गर्भपात होने की भी संभावना बढ़ जाती है। इससे गर्भवती महिला का शरीर और दिमाग दोनों पर ही बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा आयोडीन की कमी की वजह से गर्भ में पल रहे बच्चे का दिमाग विकसित नहीं हो पाता है। साथ ही कई ऐसे विकार है जो बच्चों में जन्म से देखे जाते हैं।

## एक नजर

### किसी भी कीमत पर डोमिसाइल नीति को समाप्त नहीं होने देगी राष्ट्रीय लोक जनता दल



**जहानाबाद।** युवा लोक जनता दल के तत्वाधान में बिहार सरकार द्वारा शिक्षक बहाली प्रक्रिया में संशोधन करने के विरोध में पुतला दहन किया गया। नेताओं ने कहा कि शिक्षक बहाली में बिहारी होना अनिवार्यता को समाप्त किया गया है या बिहार के नौजवानों के साथ धोखा है नौजवानों के भविष्य को बर्बाद किया जा रहा है। यही तेजस्वी यादव जब विपक्ष में थे तो कहते थे डोमिसाइल नीति को लागू कर-के हम बिहार के नौजवानों को रोजगार देंगे। आज ही चाचा भतीजा की सरकार पहले से लागू डोमिसाइल नीति को समाप्त कर बिहार के नौजवानों के भविष्य को बर्बाद कर रही है। राष्ट्रीय लोक जनता दल उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में किसी भी कीमत पर डोमिसाइल नीति को समाप्त नहीं होने देगी। इसके लिए आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। नीतीश कुमार अपने निजी स्वार्थ के लिए बिहार के नौजवानों के भविष्य को गर्त में डाल रहे हैं। एक तो खुद ही बिहार के नौजवान अपने बूढ़े मां बाप बच्चों के परिवार इसके लिए बिहार के बाहर दूसरे राज्यों में जाकर दर दर की ठोकर खाता है। वहीं, राज्य में जो थोड़ी बहुत रोजगार की संभावना बनती है, उसको भी मुख्यमंत्री समाप्त करने पर तुले हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 18 वर्षों के शासनकाल में एक उद्योग धंधा नहीं लगाया और न ही वैसी नीति लागू की जिससे कोई बड़ी-बड़ी कंपनियां बिहार में निवेश कर सकें।

### खेत में मिला इलेक्ट्रिशियन का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**सासाराम।** जिले के चेनारी नगर पंचायत के न्यू हटा गुरुवार शाम एक 25 वर्षीय युवक का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मृतक युवक की पहचान चौखड़ा गांव निवासी विजय सिंह के रवि रंजन सिंह के रुप में हुई है, जो इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। वो एक घर में वायरिंग का काम कर रहा था, उसी घर के पास उसका शव मिला है। सूचना मिलते मौके पर पहुंचे परिजन ने मृतक युवक की पहचान किया। मृतक के भाई पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि मेरे भाई की हत्या कर शव को बाहर फेंक दिया गया है। वह अपनी मजदूरी मांग रहा था, इसलिए उसकी हत्या कर दी गई है। मकान मालिक का कहना है कि करंट लगने से उसकी मौत हुई है। मृतक मिस्त्री के अन्य साथी मोहित कुमार ने बताया कि मैं सुबह मृतक रवि रंजन युवक को काम करने के लिए बोलकर यहां से चला गया। लेकिन शाम पता चला कि हमारे साथी की मौत हो गई है। मैं दौड़ते दौड़ते दूसरी जगह से वहां पहुंचा तो उनका शव खेत में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए सदर हॉस्पिटल सासाराम में भेज दिया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि मौत कैसे हुई है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मृतक के परिजन के द्वारा आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### पूंजीपतियों की संपत्ति बढ़ाने व जनता से टैक्स वसूल करने में व्यस्त है भाजपा: प्रो. विजय



**गया।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिठू ने गया में कहा कि पूंजीपतियों की संपत्ति बढ़ाने और जनता से टैक्स वसूल करने में व्यस्त भाजपा सरकार, गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों को भूल ही गई। बढ़ती कमरतोड़ मंहगाई से गरीब खाने को तड़प रहे हैं, मध्यवर्ग बचाने को तरस रहा है। गरीब और मध्यवर्गीय परिवार की थाली से सब्जी और दाल गायब हो गया है। टमाटर देश में पहली दफा 100 रुपया किलो, फूल गोभी 80 रुपया किलो, अरहर दाल 150 रुपया किलो तथा खाना पकाने वाला सिलेंडर 1250 रुपया का हो गया है। गृहिणियों की आंखों से आंसू निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार शासित राज्यों की तर्ज पर गैस सिलेंडर के दाम घटने, महंगाई, बेरोजगारी को देखते हुए घर के महिला मुखिया और बेरोजगारों के बैंक खाते में पैसे डालने की मांग केंद्र सरकार एवम गैर कांग्रेस शासित राज्य सरकार से किया है। कांग्रेस पार्टी देश में बढ़ती हुई कमरतोड़ महंगाई, चरम पर पहुंची बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाला, संवैधानिक संस्थानों से छेड़छाड़ आदि मुद्दों पर देश की जनता के साथ संघर्षरत रहेगी।

### गया में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए देररात चली छापेमारी, 86 पकड़ाए

**गया।** जिला पुलिस अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इसी के तहत जिले में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र से कुल 86 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें कानून प्रक्रिया तहत जेल भेजा गया। बड़ी संख्या में यह गिरफ्तारी लगातार विशेष अभियान के तहत की गई है। इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी के तहत विभिन्न थाना अंतर्गत विभिन्न मामलों में संलिप्त 86 अपराधीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिसमें हत्या का प्रयास मामले में 8, आर्म्स एक्ट मामले में 5, एससी-एसटी मामले में छह, अपहरण, चोरी, वाहन चोरी, संप्रदायिक कांड मामले में एक-एक अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा पुलिस पर हमला मामले में 9, अन्य कांड में एक, कुर्की में गिरफ्तारी एक, वारंटी व शराब मामले में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ 20 लीटर देसी शराब 51 लीटर महुआ शराब व 163 लीटर विदेशी शराब भी बरामद किया गया है।

### रेलवे के चीफ संरक्षा आयुक्त ने नई पटरी का किया निरीक्षण; बारिश ने किया परेशान

**गया।** मिनिस्ट्री सिविल एविएशन के तहत आने वाले रेलवे के चीफ सेफ्टी आयुक्त बुधवार को गया पहुंचे। जहां उन्होंने गुड्स ट्रेन के लिए बिछाई गई पटरी और रेल ओवर पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान वह बंधुआ स्टेशन पर पहुंचे। हालांकि बारिश ने उनके सभी निरीक्षण कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। उन्हें निरीक्षण करने के लिए ट्राली से जाना था पर बारिश की वजह से उन्हें गरुड़ ट्रेन से जाना पड़ा। वह भी काफी इंतजार करने और 12 बजे के बाद वहां से निकले। उनके आगमन को लेकर जबरदस्त तैयारी की गई थी। रेलवे कई विभागों के अधिकारी मौके पर निरीक्षण कार्यक्रम को अंजाम तक पहुंचाने में जुटे थे, लेकिन रिमझिम बारिश ने उनकी सारी तैयारी को ध्वस्त कर दिया। बताया जाता है कि बंधुआ रेलवे स्टेशन से पैमरा तक गुड्स ट्रेन के लिए अलग से रेल पटरी और रेल ओवर रेल ब्रिज बनाया गया है। जिससे कोयला लेकर गुड्स ट्रेन बाढ़ थर्मल पावर प्लांट के लिए जाती है। वह बंधुआ से बगैर किसी व्यवधान के पैमार तक पहुंच जाए।

## खबरें फटाफट

### विवाद में मारपीट, 10 पर केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चतुरशालगंज मोहल्लें में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष के दो लोग जख्मी हो गये। इस मामले में चतुरशालगंज निवासी मुन्ना सिंह यादव ने दस लोगों के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में आवेदन देकर नामजद केस दर्ज कराया हैं। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी हैं। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि विवाद को लेकर पंचायती हो रही थी, जिसमें दोनों पक्ष मौजूद थे। पंचों का फैसला का इंतजार हो रहा था। इसी दौरान मंगरु यादव, रितेश यादव, अजित, सुरेश सहित अन्य लोग इकट्ठा होकर मुझे और मेरे भाई को घेर लिया और लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। शोरगुल सुनकर मोहल्लें के लोग दौड़े और मामले को शांत कराया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी हैं।

### डकैती के आरोपी का घर कुर्क

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के सुगहर गांव में गुरुवार के दिन कोर्ट के निर्देश पर पहुंची पुलिस ने मिश्री मुसहर पिता नानहु मुसहर के घर का कुर्की जब्ती किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिला के कोचस थाना अंतर्गत कांड संख्या 33/98 के तहत यह डकैती के मामले में आरोपी था। जिसको लेकर कई बार इसे नोटिस किया गया। फिर भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ। जिसको लेकर की गयी कार्रवाई में इसके घर की कुर्की जब्ती की गयी। इस मौके पर थाना अध्यक्ष राजेश मालाकार, अपर थाना अध्यक्ष संजय पासवान एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहें। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से बस्ती के लोगों में हड़कंप मच गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस काफी सख्त हो गई है सभी सीमावर्ती इलाकों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी हैं।

# राशन कार्ड से आधार सीडिंग में बिहार में नंबर वन बना बक्सर, 96 फीसदी काम पूरा

- 30 जून तक राशन कार्ड से आधार कार्ड को जोड़ने का रखा गया है लक्ष्य
- जिले के दोनों अनुमंडल भी बिहार में सर्वश्रेष्ठ

**अविनाश उपाध्याय/बक्सर**



देशभर में राशन कार्ड को उपभोक्ताओं के आधार कार्ड से जोड़ने का काम चल रहा है। बिहार में भी आधार सीडिंग का काम जारी है। समय-समय पर इसकी मॉनिटरिंग कर आवश्यक निर्देश भी दिए जा रहे हैं। हालांकि इस काम में बक्सर जिला पूरे बिहार में पहले स्थान पर है। जिले में अब तक 96 प्रतिशत राशन कार्डधारियों का आधार कार्ड सीडिंग किया जा चुका है। खास यह कि जिले के दोनों अनुमंडल बक्सर तथा डुमरांव राज्य में नंबर वन बने हुए हैं। इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार के आपूर्ति विभाग ने जारी की है। बता दें कि पूरे प्रदेश में राशन कार्ड से आधार सीडिंग का कार्य चल रहा है। जिसकी अंतिम समय सीमा 30 जून है। अर्थात इस कार्य के लिए सिर्फ एक दिन शेष बचे हैं। क्योंकि उच्च न्यायालय ने 30 जून तक सीमा बढ़ा दी थी। इस दौरान जो रिपोर्ट सामने आई है। उसके अनुसार बिहार के 38 जिलों में बक्सर नंबर वन है। क्योंकि यहां 96.6 प्रतिशत आधार की सीडिंग का कार्य हो चुका है।

हालांकि पूरी रिपोर्ट अनुमंडल वार जारी हुई है। जिसमें प्रदेश के 101 अनुमंडलों में बक्सर नंबर वन है। यहां 99.30 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। जिले का दूसरा अनुमंडल डुमरांव है। यह प्रदेश में दूसरे स्थान पर हैं। इस बाबत सदर एसडीएम धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि सदर अनुमंडल के चार प्रखंड व एक नगर परिषद क्षेत्र में राशन कार्ड धारकों की कुल संख्या 510717 है। इसमें मात्र 3590 लोगों का ही आधार राशन कार्ड से लिंक नहीं हो पाया है। वैसे 30 जून अंतिम तिथि है। हम लोग अपने स्तर से प्रयास कर रहे हैं। शेष रह गए लोगों को इससे जोड़ा जाए। यहां एक बात और भी जान लेने योग्य है, अगर 30 जून तक आपने अपना आधार किसी ऑनलाइन सेंटर, सुविधा केन्द्र अथवा डीलर के माध्यम से लिंक नहीं कराया तो इस तिथि के बाद आपका राशन मिलना बंद हो जाएगा।

### आधार सीडिंग नहीं होने पर बंद होगी सुविधाएं

सदर एसडीओ ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के राशन कार्ड से आधार कार्ड नहीं जुड़ेगा उन्हें किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। अलब्ता उनका राशन कार्ड भी बंद कर दिया जाएगा। वहीं उन्हें हेल्थ कार्ड योजना का लाभ भी नहीं मिलेगा। सदर एसडीएम ने बताया कि राशन कार्डधारियों का ही राज्य सरकार द्वारा हेल्थ कार्ड बनाया जाता है। जिन लाभुकों का आधार कार्ड राशन कार्ड से नहीं जुड़ेगा उनका राशन कार्ड स्वतः ही बंद हो जाएगा जबकि वे हेल्थ कार्ड योजना से भी वंचित हो जाएंगे।

**आज है अंतिम मौका :** राशन कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए लाभुकों के पास मात्र शुक्रवार को ही मौका हैं। बता दें कि हाई कोर्ट के निर्देश पर इसे 30 जून तक बढ़ाया गया था। शुक्रवार तक आधार सीडिंग नहीं कराने वाले लाभुकों का राशन कार्ड एक जुलाई से लैप्स कर जाएगा। जिसके बाद उन्हें पीडीएस से खाद्यान्न नहीं मिल सकेगा।

## शांतिपूर्ण और सद्भाव के साथ जिले भर में मनाया गया बकरीद का पर्व

# अकीदतमंदों ने मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा कर मांगी अमन की दुआ

**केटी न्यूज/बक्सर**



ईद उल अजहा ( बकरीद ) का त्योहार गुरूवार को जिलेभर में शांतिपूर्ण और सद्भाव में माहौल में संपन्न हो गया। इस दौरान बक्सर सहित जिलेभर में अकीदतमंदों ने विभिन्न मस्जिदों के अलावे ईदगाहों में नमाज अदा कर दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज संपन्न होने के बाद गले मिल एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी गईं। वही परंपरागत तरीके से कुबार्नी की रश्म भी अकीतदमंदों ने पूरा किया। बकरीद को ले जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी जगहों पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया गया था। मुख्य नमाज के दौरान सभी ईदगाहों के पास भी बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। नमाज संपन्न होने के बाद ही प्रशासन ने राहत की सांस ली।

बता दें कि बकरीद को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा एक सप्ताह पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। वही पूर्व संध्या में जिलेभर में फ्लैग मार्च निकाल लोगों को भयमुक्त माहौल में तथा आपसी भाईचारें के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई थी। जिसका सार्थक असर देखनें को मिला। जिले में कही से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

डुमरांव में बकरीद का त्योहार बूंदाबांदी के बीच धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न मस्जिदों में हजारों अकीदतमंदों ने नमाज अदायगी के बाद अपने मुल्क में अमन, चैन, शांति और खुशहाली की दुआएं मांगी। उसके बाद एक-दूसरे से गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। सामूहिक रूप से बकरीद की नमाज अदा करने मुस्लिम परिवारों का सैलाब शहर के जामा मस्जिद, बड़ी मस्जिद, शाही मस्जिद, मुख्य चौक मस्जिद, चौक रोड छोटी मस्जिद के अलावा नया भोजपुर, पुराना भोजपुर के विभिन्न छोटे-बड़े मस्जिदों में उमड़ पड़ा तब नमाजियों ने अल्लाह ताला की बारगाह में हाथ उठाकर अल्लाह का शुक्रिया अदा किया। शहर के मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ बकरीद की नमाज पढ़ने बड़ी जमात में खड़ी थी। यहां मुस्लिम समाज के बीच उत्साह देखते ही बन रहा था। गुरुवार को बकरीद की नमाज अदा करने से पूर्व मुस्लिम समाज सुबह से ही नये-नये परिधान पहनकर और इत्र लगाकर मस्जिदों में जमा होना शुरू हो गये। बकरीद के नमाज के वक्त शहर के सभी मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। इस दौरान मुख्य सड़क पर वाहनों का परिचालन बंद रहा। एसडीएम कुमार पंकज और एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी व नप के इओ मनोज कुमार हर गतिविधियों पर नजर गड़ाये हुए थे। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम सहित कई पुलिस अधिकारी विभिन्न मस्जिदों पर तैनात किये गये थे। साथ ही पुलिस गश्ती के अलावे जगह-जगह अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। नगर पर्षद के सफाईकर्मी शहर सहित विस्तारित क्षेत्र के साफ-सफाई में लगे रहे। वहीं अन्य समुदायों के लोगों ने आपसी भाईचारे की मिसाल कायम करते हुए मुस्लिम भाइयों को बकरीद की शुभकामनाएं दी। इसके एवज में मुस्लिम भाइयों ने सेवई खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया।

### काबिले तारीफ रही पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी

बकरीद के दौरान जिलेभर में पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी भी काबिले तारीफ रही। बक्सर में डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार के नेतृत्व में जिलास्तरीय अधिकारी पल पल विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहे तो डुमरांव अनुमंडल में सुरक्षा व व्यवस्था की कमान एसडीओ कुमार पंकज व एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के जिम्में था। सुबह से मुख्य नमाज तक विभिन्न इलाकों में अधिकारियों की गाड़ियां दौड़ती रही। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न होने के बाद जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक की मजबूती मे लगी लोजपा रामविलास : अखिलेश



**केसठ।** बक्सर लोजपा रामविलास ने केसठ प्रखंड में बूथ स्तर तक मजबूती के लिए जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता मे सघन सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान में अपनी आस्था प्रकट करते हुए सैकड़ो युवाओं ने बक्सर लोजपा रामविलास की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष ने बताया कि आज बिहार के कोने कोने मे चिराग पासवान की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। बिहार के सभी जाति धर्म के लोग चिराग पासवान में अपना भविष्य देख रहे हैं। इससे तय है कि अगामी 2025 मे चिराग पासवान का बिहार का मुख्यमंत्री बनना तय हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी बिहार के सभी 40 लोकसभा क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर तैयारी मे जुटी हैं। उसी तैयारी को लेकर बक्सर लोजपा रामविलास बुथ स्तर तक मजबूती के कार्य में लगी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिस गठबंधन से गठबंधन करेंगे, उस गठबंधन को मजबूती के साथ सहयोग करेंगे। अगर राष्ट्रीय अध्यक्ष बक्सर लोकसभा सीट अपने खाते में लेकर चुनाव लड़ने का फैसला लेते हैं तो हम सभी इस सीट को जिताकर चिराग पासवान के हाथ को मजबूत करेंगे। इस बुथ स्तर सदस्यता अभियान में युवा जिलाध्यक्ष ओमजी मिश्र, संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष ठाकुर भानुशंकर सिंह, विधान सभा अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष छोटेलाल पासवान, चंदन दुबे, गोल्डी दुबे, जितेन्द्र पासवान, धनजी पासवान, अंकित पासवान, बिकास पासवान, शिवजी पासवान, अनिल सिंह, मुकुंद बारी, राजकुमार पासवान, नंदलाल बारी, सुरेन्द्र राम, विक्की पासवान आदि सैकड़ो युवाओं ने भाग लिया।

### रास्ते को लेकर विवाद के कारण रामपुर मस्जिद में नहीं अदा की गई बकरीद की नमाज



**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय रामपुर गांव की मस्जिद में इस बार बकरीद की नमाज अदा नहीं की गई। बल्कि गांव के मुसलमान भाइयों ने इस बार खुले मैदान में नमाज पढ़ी। बता दें कि रामपुर के मस्जिद के रास्ते को लेकर मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों के बीच आपसी विवाद चल रहा है। इसी से नाराज होकर इस बार अकीदमंदों ने मस्जिद में नमाज नहीं पढ़ी हैं। गौरतलब है कि रास्ते के विवाद को सुलझाने के लिए पिछले ईद के दिन ही एसडीओ डुमरांव और डीएसपी आए थे। लेकिन रास्ते की उलझन सुलझ नहीं पाई। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय ने कहा कि पूर्व से चले आ रहे मस्जिद के रास्ते के विवाद के कारण मुस्लिम समुदाय के एक पक्ष के लोगों ने ईदगाह में नमाज अदा नहीं किए बल्कि बाहर मैदान में नमाज अदा की गई। हालांकि इस दौरान पुलिस बल तैनात थी। तनाव पूर्ण माहौल नहीं था। मुस्लिम भाइयों का कहना है कि ये पर्व शांति और अमन चैन का त्योहार है। हम नहीं चाहते है कि कोई विवाद हो। वही कुछ मुसलमान भाइयों ने विवाद के कारण केसठ के इदगाहों में नमाज अदा किए। बता दे कि रास्ते के विवाद में मस्जिद कमिटी और दूसरे पक्ष से करीब दर्जनों से अधिक लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### आद्रा नक्षत्र मे गंगा स्नान को लेकर बक्सर के रामरेखा घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बक्सर।** आद्रा नक्षत्र में गंगा स्नान के लिए हर दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही हैं। गुरूवार देवशयनी एकादशी पर सुबह से ही धार्मिक महता वाले रामरेखा घाट पर श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंच गंगा में डुबकी लगाये। इसके साथ ही मान्यता के अनुसार चावल, आटा एवं आम ब्राह्मों को दान किए। ज्ञात हो कि आद्रा नक्षत्र के दौरान गंगा स्नान का विशेष महत्व हैं। इसको लेकर बक्सर के रामरेखा घाट पर उत्तरायणी गंगा में डुबकी लगाने को लेकर भीड़ उमड़ रही हैं। बता दें कि आद्रा नक्षत्र के दौरान स्नान 23 जून से शुरू हुआ है जो 4 जुलाई को स्नान के साथ संपन्न होगा। आद्रा स्नान का अंतिम कुछ दिन बचने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही हैं। स्नान के लिए विशेषकर महिला श्रद्धालुओं की गंगाघाट पर भीड़ उमड़ रही हैं। आद्रा नक्षत्र में गंगा स्नान करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

## निमेज के ग्रामीणों ने मवेशी से लदी पिकअप को पकड़ पुलिस को सौंपा

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



निमेज के ग्रामीणों ने बुधवार की देर रात एक गायों से लदी एक पिकअप को पकड़ पुलिस को सौंपा। पिकअप पर दो गायें लदी थी। जिसे गोकशी के लिय ब्रह्मपुर प्रखंड के धुन छपरा गांव से भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के रानी सागर गांव ले जाया जा रहा था। लेकिन रात में ही शक के आधार पर ग्रामीणों ने उक्त पिकअप को रोक तलाशी लिया और उसमें गाय देख तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब दस बजे धुन छपरा की तरफ से एक पिकअप आ रही गांव के युवाओं ने शक के आधार पर उक्त पिकअप को रोक उसकी पड़ताल की तो उसमें दो गाए बंधी थी। पकड़े गए तस्कर रानीसगर गांव निवासी राजा साह पिता सकील साह एव दूसरा जाकिर अंसारी पिता कमरूदीन अंसारी हैं। दोनो को पुलिस के हवाले कर दिया गया। थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने बताया कि दोनों गो तस्करों को जेल भेज, बरामद गायों को बक्सर स्थित आर्दश गौशाला भेज दिया गया। इस मामले में पशु कुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया है। कुछ दिन पहले बक्सर में बड़े पैमाने पर गायों को मुक्त कराया गया था।

## मानवता की मिसाल... डुमरांव एसडीपीओ की तत्परता से सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक के बच गए 65 हजार रुपए

- दुर्घटना के बाद युवक को अस्पताल भेजा, रिश्तेदारों को बुला सौंपे रुपए

**केटी न्यूज/डुमरांव**



स्थानीय अनुमंडल के एसडीपीओ अफाक अंसारी एक बार फिर मानवता की मिशाल पेश की है। जिसमें उन्होंने सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक को न सिर्फ अस्पताल भेजा, बल्कि उन्होंने तत्परता दिखाते हुए युवक के 65 हजार रुपए बचा लिए। जिसके बाद उन्होंने जख्मी युवक के गांव के लोगों को बुलाकर रुपए उनको सौंपा। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार की शाम गोपाल डेरा गांव के पास देर शाम करीब आठ बजे पिकअप के धक्के से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान भोजपुर जिले के बिहिया निवासी अजित कुमार के रूप में हुई है।

इस बीच घटना के दौरान डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी शाम को टहलने निकले थे। दुर्घटना के दौरान वो करीब में ही थे। एसडीपीओ ने तत्परता दिखाई और मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क दुर्घटना के शिकार हुए युवक को संभाला और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि युवक के पास 65 हजार रुपए थे। जिसे उन्होंने अपने पास सुरक्षित रख लिया और फिर जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचाया। जिसके बाद उन्होंने युवक के द्वारा बताए गए उसके गांव के लोगों को फोन कर सूचना दी और आने को कहा। थोड़ी देर में ही युवक के गांव के दो लोग आए। जिनसे पूछताछ करने के बाद एसडीपीओ ने उनका आधार कार्ड का फोटो लिया और वो रुपए उन्हें सौंप दिया।

एसडीपीओ अफाक अंसारी ने इससे पहले भी सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मदद की है। 11 मई को एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। संयोग से इसी दौरान डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने जख्मी युवक को तत्काल अपनी गाड़ी में बैठा सिमरी पीएचसी पहुंचाया था।

## भीषण गर्मी से मिली राहत, अच्छी बारिश के बाद रोपनी के लिए खेतों की तैयारी में जुटे किसान

# मॉनसून की पहली झमाझम बारिश से खिल उठे किसानों के चेहरे

**केटी न्यूज/डुमरांव**



गुरूवार को अनुमंडल इलाके में झमाझम बारिश हुई। यह इस मॉनसून सत्र की पहली अच्छी बारिश हैं, जिससे किसानों के चेहरें खिल उठे हैं। बारिश के बाद किसान एक तरफ अपने बिचड़ो में खाद पानी देते नजर आए तो दूसरी तरफ खेतों को भी रोपनी के लायक तैयार करते दिखें। बता दें कि आद्रा नक्षत्र शुरू होने के साथ ही मॉनसून रूठ गया था। बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई थी। उन्हें अपने बिचड़ो को बचाने के लिए हर दिन सिंचाई करनी पड़ रही थी। बावजूद तेज धूप के कारण बिचड़े पीले पड़ रहे थे। लेकिन गुरूवार को हुई बारिश के बाद बिचड़ें वाले खेत पानी से भर गए तथा तथा उनमें एक नई जान आ गई हैं। वही मॉनसून के सक्रिय होने से किसानों की चिंता भी दूर हो गई हैं। किसान अब दुगने उत्साह के साथ खेती के काम में जुट गए हैं। इस बारिश ने धान की खेती करने वालें किसानों के साथ ही मक्कें की खेती करने वालें किसानों की चिंता भी दूर कर दी हैं। बता दें कि आद्रा नक्षत्र में ही भदई फसलों की बुआई होती हैं। एक तरफ अनुमंडल के दक्षिण क्षेत्र में धान की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है तो दूसरी तरफ उत्तरी इलाके में मक्का तथा भदई सब्जियों का उत्पादन होता हैं। लेकिन एक अच्छी बारिश के अभाव में अबतक इसकी शुरूआत नहीं हुई थी। गुरूवार की बारिश के बाद किसानों की कवायदें भी बढ़ गई हैं।

बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई है। बता दें कि पिछले दो महीने से भयंकर लू तथा पिछले सप्ताह से जारी उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई हैं। बारिश के बाद ठंडी हवा चलने से लोगों ने राहत की सांस ली हैं। बता दें कि लू के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हुई हैं। ऐसे में मॉनसून के सक्रिय होने से लोग खुश दिखे।

### शहर में कई जगहों पर हुआ जलजमाव

इस बार डुमरांव नगर परिषद ने शहर को जलजमाव से मुक्त कराने के लिए बरसात पूर्व नालों की सफाई से लेकर मुख्य पथ स्टेशन रोड के किनारें स्थित चाटों की सफाई भी करवाई हैं। बावजूद मॉनसून की पहली बारिश में मुख्य पथ सहित शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। राजहाई स्कूल के खेल मैदान में भी जलजमाव के कारण सैकड़ो युवा खेल तथा व्यायाम से महरूम हुए।

# बकरीद पर हुई कुर्बानी, मस्जिदों व इबादतगाहों में अदा की गई नमाज

- शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया बकरीद का त्योहार

**केटी न्यूज/बलिया**



पूरे जनपद में बकरीद का त्योहार सकुशल संपन्न हुआ। शहर के जामा मस्जिद बिशुनिपुर ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण माहौल में नमाज पढ़ी गई। इस मौके पर सुबह से ही पुलिस के जवान सभी मस्जिदों पर तैनात कर दिए गए थे। इस दौरान जिलधिकारी रवीन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक एस आनन्द सभी मस्जिदों का भ्रमण करते रहे। नमाज खत्म होने के बाद उन्होंने नमाजियों को मुबारकबाद दी। नमाज के दौरान मोर्चा संभाले शहर कोतवाल राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर एस एस वैभव पांडेय, इंस्पेक्टर क्राइम संजय शुक्ला, ओकडेन गंज चौकी प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी, पीएससी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आदि मौजूद रहे।

**अमन व शांति और भाई चारे के लिए मांगी गई दुआ :** सिकंदपुर में गुरुवार को बकरीद का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के मोहल्ला बड्डा स्थित औलिया मस्जिद में डॉक्टर सय्यद सेराजुद्दीन अजमली के इमामत में नमाज पढ़ी गई। सुबह साढ़े छह बजे मोहल्ला मिल्की स्थित शाही जामा मस्जिद में कारी फिरोज की इमामत में नमाज पढ़ी गई तथा साढ़े सात बजे ईदगाह पर इमाम अख्तर की इमामत में बकरीद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद खुत्बा पढ़ा गया। साथ ही देश में अमन व शांति और भाई चारे के लिए दुआ मांगी गई। वहीं मुस्लिम बंधुओं ने एक-दूसरे के गले लग मुबारकबाद दी। इस दौरान एडिशनल एसपी दुर्गा शंकर तिवारी, उप जिलधिकारी अरुण कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, थानाध्यक्ष दिनेश चंद्र पाठक, चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार पटेल अपने हमराहियों के साथ सभी मस्जिदों का भ्रमण करते रहे।

## चोरों ने मस्जिद से उड़ाया 55 हजार



**बलिया।** नगरा बाजार के कुजड़ा मुहल्ला स्थित मक्का मस्जिद से गुरुवार की सुबह चोरों ने मस्जिद के अंदर रखी आलमारी का ताला तोड़ कर उसमें रखे 55 हजार रूपए चुरा लिये। ईदगाह में नमाज अता कर वापस लौटे इमाम ने देखा तो आलमारी टूटी हुई थी तथा उसमें से नकदी गायब थी। इमाम मौलाना गुलाम नबी ने मस्जिद के आस-पास रह रहे मुस्लिम बंधुओं को इसकी सूचना दी। पुलिस को भी जानकारी दी गई। बताया जाता है कि सुबह 6 से 7:30 बजे के बीच मस्जिद के इमाम ईदगाह में नमाज अदा कराने गये थे। इसी बीच चोरों ने मौका देख चोरी की घटना को अे२२२२ंजाम दे दिया।

## जनेश्वर सेतु के नीचे मिला युवती का शव

**बलिया।** जनपद के दुबहर थाना क्षेत्र स्थित जनेश्वर सेतु के नीचे गंगा के किनारे गुरुवार को करीब 24 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि काफी प्रयास के बाद भी युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। काफी प्रयास करने के बाद शव को मोर्चरी में रखने के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। बताया जाता है कि जनेश्वर मिश्रा सेतु के नीचे गंगा के किनारे लोगों द्वारा अज्ञात युवती का शव देखा गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास में जुट गई। क्षेत्र के लोगों द्वारा शव का पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। शव की शिनाख्त नहीं होने की दशा में पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखने के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पुलिस इस संबंध में गांव के चौकीदार की लिखित तहरीर पर सूचना दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी है। वहीं, दूसरी ओर लोगों ने इस मामले में अनुमान लगाया कि संभवतः कुत्तों ने शव को गंगा से खींचकर नदी के किनारे लाया होगा। शव कहीं आस-पास के क्षेत्र से ही बहकर इधर आया है।

### ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ने के दौरान दौड़ गया करंट, लोगों ने काटा बवाल

# करंट की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत, ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग

**केटी न्यूज/बलिया**





सिकंदरपुर क्षेत्र के चेतन किशोर गांव में गुरुवार को संविदा पर बहाल एक लाइनमैन की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीणों व परिजनों ने उप जिलाधिकारी सिकंदरपुर अरुण कुमार मिश्र को 4 सूत्री ज्ञापन सौंपा। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के सिवान कला गांव निवासी विद्युत संविदा कर्मचारी योगेश राम (32 वर्षीय) पुत्र सुग्रीव राम गुरुवार की सुबह ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ने के लिए चेतन किशोर गांव गया था। वहां सुभाष राय के हाता में लगे ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ रहा था कि इसी बीच तार में करंट दौड़ गया और योगेश उसकी चपेट में आ नीचे गिर गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

लोगों की मानें तो लाइनमैन द्वारा शट डाउन भी लिया गया था। लेकिन अचानक विद्युत सप्लाई चालू हो जाने से वह करंट की चपेट आ गया। घटनास्थल पर परिजनों के अलावा हजारों की तादाद में लोग जुट गए और मुआवजे की मांग करने लगे।

- सिकंदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चेतन किशोर गांव में हुई घटना
- सूचना मिलने पर पहुंचे पूर्व मंत्री व पदाधिकारी

सूचना मिलने पर पहुंचे पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी, उप जिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, नायब तहसीलदार रजनीश सिंह ने उग्र लोगों को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया। मुआवजा का आश्वासन दिए जाने के बाद लोगों ने लाइनमैन का शव पुलिस को सौंपा। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

### पांच साल पहले ही हुई थी शादी

मृतक की शादी 5 वर्ष पूर्व सरिता देवी के साथ हुई थी। उसके दो पुत्र युवराज (तीन वर्ष) व राज (एक वर्ष) है। वहीं परिवार में बूढ़े बाबा, मां और एक छोटा भाई है। उसके पिता बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार का खर्च योगेश ही चलाता था। उसकी पत्नी व मां को रोता देख लोगों का कलेजा फट रहा था। वहीं बाबा और दोनों बच्चे बदहवास लोगों की तरफ टकटकी लगाकर देख रहे थे। यह मंजर देख लोगों की आंखों से आंसू बरस पड़े। मृतक की पत्नी बार-बार यही कह रही थी कि आखिर मेरा क्या कसूर है? अब मैं छोटे-छोटे बच्चों को लेकर कहां जाऊंगी? वहीं योगेश के बाबा अकलू बार-बार यही कह रहे थे कि विधाता ने क्यों नहीं हमको बुला लिया।

**ग्रामीणों ने सौंपा 4 सूत्री ज्ञापन :** घटना के बाद ग्रामीणों व परिजनों ने उप जिलाधिकारी सिकंदरपुर अरुण कुमार मिश्र को इस संबंध में चार सूत्री ज्ञापन दिया। लोगों ने विद्युत विभाग के कर्मियों की लापरवाही की जांच कर दोषी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने, मृतक के परिवार को भरण-पोषण हेतु 20 लाख रुपए का मुआवजा देने, मृतक के परिजन को नौकरी व पत्नी को पेंशन देने की मांग की। जिसके बाद अधिकारियों ने लोगों को विभाग द्वारा हर संभव मदद करने के साथ-साथ मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

## खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बाइक युवक की मौत, गांव में मचा कोहराम

**बलिया।** बलिया-बैरिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हल्दी थाना क्षेत्र के भरसौता पेट्रोल पम्प के निकट सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। वहीं दूसरे को मामूली चोट आयी है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

हल्दी थाना क्षेत्र के बसुधरपाह निवासी उपेन्द्र उर्फ झब्बू पांडेय 35 वर्ष पुत्र रामजी पाण्डेय व अरुण पाण्डेय 30 पुत्र स्व. बलिराम पाण्डेय अपने गांव से बुधवार की रात बारात करने बैरिया थाना क्षेत्र के सुघरछपरा बाइक द्वारा जा रहे थे। इसी बीच बलिया-बैरिया राजमार्ग पर स्थित भरसौता पेट्रोल पम्प के पास सामने से आ रहे वाहन की तेज लाइट के चलते वहां खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गए। फलस्वरूप उपेन्द्र उर्फ झब्बू पांडेय तथा अरुण पांडेय घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया, जहां चिकित्सकों ने उपेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अरुण को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। मृतक उपेन्द्र के परिजनों व पत्नी रेखा पांडेय का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक उपेन्द्र के दो बच्चे रोहित आठ वर्ष व मोहित पांच वर्ष का है।

# ग्राम प्रधान के बेटे समेत दो की चाकू घोंपकर हत्या

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



मुहम्मदाबाद कोतवाली अंतर्गत बढ़ईपुर के ग्राम प्रधान रामलाल बिंद के पुत्र विकास उर्फ इंद्रजीत बिन्द (17) एवं उनके साढ़ू के पुत्र नोनहरा थाना अंतर्गत बौरी ग्राम निवासी सुनील बिंद (18) की बीती रात चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

विकास बिंद बौरी निवासी अपने मौसेरे भाई सुनील बिंद व उसी गांव के एक अन्य साथी सुदामा बिंद के साथ रात में अपने गांव से बाहर शौच के लिए गया था। इसी बीच वहां घात लगाए तीन युवकों ने इन दोनों की पेट में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। दोनों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। तीसरा साथी सुदामा बिंद अपनी जान बचाकर गांव में आया तब लोगों को इसकी जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस रात में ही दोनों मृतकों के शव को कोतवाली लेकर चली आई तथा पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक विकास बिंद के पिता बढईपुर गाँव के ग्राम प्रधान रामलाल बिंद ने गांव के ही एक नामजद तथा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि बीती रात हमारी बेटी खुशबू की शादी की छेकईया थी। इसमें रिश्तेदार आए हुए थे। रात्रि में मेरा लड़का विकास उर्फ इंद्रजीत व सुनील बिंद, गिनती बिंद व सुदामा बिंद पुत्र सुरेश बिंद निवासी गांव बौरी थाना नोनहरा तीनों रात्रि लगभग 12 बजे शौच करने गांव के बाहर खेत में गए। वहां पर रविंद्र बिंद पुत्र सीताराम निवासी बरईपुर अपने दो साथियों के साथ पहले से मौजूद था। सबों ने अचानक विकास उर्फ इंद्रजीत और सुनील बिंद पर चाकू से हमला बोल दिया, जिसको देख सुदामा भागकर घर आया तथा परिजनों को इसकी सूचना दी। इसके बाद मैं स्वयं दो लोगों के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा दोनों की मृत्यु हो चुकी थी तथा अगल-बगल खून के छींटे पड़े थे।

गुरुवार की सुबह पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, एडिशनल एसपी ग्रामीण बलवंत, क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक एवं एसओजी की टीम के प्रभारी रामाश्रय राय ने संदेह के आधार पर तीन संदिग्धों को उठाकर कोतवाली में घंटों पूछताछ की। मौके से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। एसपी ने इस दोहरे हत्याकांड को लेकर घंटों कोतवाली मोहम्मदाबाद में अपना डेरा जमाए रखा। कोतवाल घनानंद त्रिपाठी ने बताया कि बहुत जल्द घटना का पदार्फाश कर हत्यारों की गिरफ्तारी होगी।

### कुपोषण की रोकथाम में सबसे बड़ी चुनौती, पोषण संबंधित मौजूदा व्यवहारों की धारणा में परिवर्तन

# बच्चों के बेहतर भविष्य व समृद्ध समाज के लिए पोषण अनिवार्य

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राइफल क्लब सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी चार महीने में संभव अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास संबंधित काम-काज की रणनीति पर चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि बच्चों के बेहतर भविष्य और अधिक समृद्ध समाज के लिए पोषण अत्यंत आवश्यक है। शिशु और बाल मृत्यु में वृद्धि का एक प्रमुख कारण मातृ एवं शिशु कुपोषण है। कुपोषण की रोकथाम में सबसे बड़ी चुनौती समाज, परिवार एवं व्यक्तिगत स्तर पर पोषण संबंधित मौजूदा व्यवहारों की धारणा में परिवर्तन लाना है। इसी उद्देश्य से पिछले साल विभाग द्वारा संभव अभियान नवाचार के रूप में लाया गया था, जिसमें विशेष रूप से सैम बच्चों का चिन्हांकन व उपचार संदर्भन एवं सामुदायिक स्तर पर उनके प्रबंधन के साथ-साथ कुपोषण की रोकथाम के लिए कार्य किया जाना है। इसके लिए सहयोगी संस्थानों से भी समन्वय स्थापित करना है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सैम बच्चों के वजन की वृद्धि, निगरानी एवं पोषण परामर्श के लिए शून्य से पांच वर्ष के प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचना एवं चयनित कुपोषित बच्चों का संदर्भन उपचार एवं प्रबंधन सुनिश्चित करना है। पोषण साक्षरता के लिए सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा देना है। इस कार्य में लगे अन्य विभागों के सहयोग से शिशु एवं महिलाओं के पोषण से जुड़े विभागीय सेवाएं, योजना और लाभ लक्षित समूह तक प्राप्त करवाना है। विभिन्न योजनाएं जून माह से लेकर अगले चार महीने तक चलायी जानी हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद की रैंकिंग में तत्काल प्रभाव से सुधार करें। इस बैठक में पोषण समिति के सदस्य मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त आजीविका मिशन, जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, आयुष अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सभी विकास खंड के अधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी तथा सभी ब्लॉकों के सीडीपीओ सहित यूनिसेफ के मंडल समन्वयक व तकनीकी सहयोग टीएसयू के अधिकारी शामिल रहे।

## एक नजर

### विकास के लिए सीएम योगी से मिले एमएलसी



**बलिया।** सदस्य विधान परिषद रविशंकर सिंह पप्पू गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर बलिया के सर्वांगीण विकास की पृष्ठभूमि पर चर्चा की। सदस्य विधान परिषद ने मुख्यमंत्री से जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के बहुमुखी विकास, बलिया में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, बलिया जिला अस्पताल में स्थित ट्रामा सेंटर चालू कराने से संबंधित अन्य विषयों पर गंभीरता से चर्चा की। एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू ने कहा कि आजादी के पहले आजाद होने वाला जिला बलिया आज विकास के मामले में बहुत पीछे है। पिछली सरकारों ने सिर्फ यहां सीट लेने का काम किया, विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से बलिया के विकास का पहिया दौड़ना शुरू हो गया। मुख्यमंत्री रहते हुए आपने जितना समय बलिया को दिया है, उनता इसके पहले किसी भी मुख्यमंत्री ने नहीं दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविशंकर सिंह पप्पू को भरोसा दिलाया कि बलिया शीघ्र ही विकास के उस मुकाम पर पहुंचेगा जिसका वह हकदार है।

### निवेशकों को समयान्तर्गत अनापत्ति निर्गत करें संबंधित अधिकारी : जिलाधिकारी



**गाजीपुर।** जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक राइफल क्लब सभागार में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। सचिव/उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, गाजीपुर द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में 236 निवेशकों का एमओयू जारी है, जिसमें 122 इकाइयां संचालन के लिए गंभीर हैं तथा भूमि भी उपलब्ध है। लेकिन 14 इकाइयों को विभिन्न विभागों से लाइसेंस, अनापत्ति, नक्शा स्वीकृति इत्यादि के लिए आवेदन किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निवेशकों को निवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण प्राथमिकता के तौर पर किया जाए। जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निवेशकों के ऋण की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि जो भी ऋण पत्रावली प्राप्त हो उस पर व्यक्तिगत ध्यान देते हुए अपने स्तर से शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया जाए ताकि समयान्तर्गत निवेशकों को ऋण मुहैया कराया जाए एवं छोटी-छोटी कमियों के कारण निवेशकों का ऋण पत्रावली अनावश्यक विलंब न हो। निवेशकों की अनापत्तियों से संबन्धित समस्याओं पर जिलाधिकारी ने संबन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत अनापत्ति निर्गत करने का निर्देश दिया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चलाया अभियान, 15 हजार जुर्माना वसूला

**गाजीपुर।** जमानिया नगर पालिका प्रशासन द्वारा मंगलवार को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाकर 15 किलो प्लास्टिक जब्त किया गया। इस दौरान 15 हजार जुर्माना वसूला गया। इस अभियान से नगर क्षेत्र के दुकानदारों में डर का माहौल रहा। बता दें कि सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किए जाने के बाद लगातार अभियान चलाकर नगर में छापेमारी की जा रही है। यह अभियान नगर क्षेत्र के ब्लाक तिराहे से पांडेय मोड़ तक चलाया गया। इससे इस क्षेत्र के दुकानदारों में अफरा-तफरी मची रही। इस दौरान विभिन्न दुकानों पर 15 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर उसे जब्त कर लिया गया और 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील किया कि वह थैला लेकर बाजार आएं एवं थैले का ही उपयोग करें। उक्त मौके पर कर निरीक्षक विजयशंकर राय के अलावा उदय शंकर शर्मा, सत्येन्द्र कुमार, दानिश मंसूरी, शंकर आदि कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### एक ही गांव से हज के लिए गए नौ जायरीन

**गाजीपुर।** हज यात्रा पर जाना हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है। हज यात्रा सउदी अरब के पवित्र मक्का शहर से शुरू होती है। दुनिया भर से लाखों मुसलमान हर साल हज यात्रा पर जाते हैं और इब्राहिम अल की सुन्नतों को अदा करते हैं। इसी क्रम में मुहम्मदाबाद तहसील का महरूपुर गांव इस बार चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां से अबकी बार नौ लोग बैतुल मुकद्दस हज के लिए रवाना हुए हैं। गांव के चार पुरुषों ने इरादा बनाया, तो वहीं पांच स्त्रियों ने भी इरादा बनाकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और आलमी मुल्क के साथ-साथ क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखने और खुशहाली के लिए दुआएं की है। दरअसल इस्लाम की बुनियाद पांच अराकानों पर टिकी है। कलमा पढ़ना (तौहीद), नमाज पढ़ना, रोजा रखना, जकात अदा करना और हज करना। यानी हर मुसलमान के लिए ये पांच चीजें जरूरी हैं। इनमें कलमा, नमाज और रोजा रखना तो सभी मुसलमानों के लिए अनिवार्य है। इनमें कोई छूट नहीं है, लेकिन जकात और हज में थोड़ी छूट दी गई है। जकात (दान) वही लोग दे सकते हैं, जिनके पास धन-दौलत हो। इसी तरह हज उन लोगों के लिए जरूरी है, जो शारीरिक और आर्थिक रूप से सक्षम हैं। उन्हें जिंदगी में कम से कम एक बार हज करना फर्ज बताया गया है। पवित्र शहर में जाकर हाजी तमाम अराकानों की अदायगी करते हैं। हज यात्रा ईद-उल-अजहा यानी बकरीद के बाद समाप्त मानी जाती है। हज जायरीनों में रिजवान अहमद, तबस्सुम आरा, मजीबुल्लाह खां, अस्मत आरा, अंजुम आरा, फजल अहमद, जमीला खातून, अबरार अहमद और यासमीन खातून ने गांव, समाज और मुल्क की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी है।

### आनंदनगर में चोरी, शहर कोतवाली में केस दर्ज

**बलिया।** आनंद स्थित मकान में चोरी के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें शहर कोतवाली क्षेत्र के आनंदनगर स्थित एक मकान का ताला तोड़कर मंगलवार की रात चोरों ने लाखों रूपए के सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। बुधवार की सुबह जब पड़ोसी फोन पर सूचना दी तो मकान मालिक राकेश कुमार मिश्र के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन.फानन में मकान में पहुंचे और देखा कि घर ताला तोड़कर अंदर प्रवेश करने के बाद चोरों ने आलमारी तोड़ लाखों रूपए के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची छानबीन में जुट गई है। पीड़ित राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि उनके बड़े पिताजी का निधन होने के कारण वे भरखरा गांव में काम क्रिया में सपरिवार गया हुआ था, बुधवार की सुबह पड़ोसी ने सूचना दिया कि आपके मकान का दरवाजा टूटा हुआ है, इसके बाद मौके पर पहुंचकर देखा कि चोरों ने मकान का ताला तोड़ने के साथ आलमारी तोड़कर उसमें रखे लाखों रूपए के सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। इस मामले में पीड़ित राकेश कुमार मिश्र की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।